भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 523

उत्तर देने की तारीख - 04/02/2026

उत्तराखंड में पीएम श्री योजना

523 # **श्री महेंद्र भट्टः**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तराखंड में पीएम श्री योजना के तहत चरणबद्ध तरीके से चयनित विद्यालयों की संख्या कितनी है;

(ख) इन विद्यालयों के लिए कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ग) किन विशिष्ट परियोजनाओं के लिए उक्त योजना के अंतर्गत निधियां प्राप्त की जा सकती हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क): पीएम श्री योजना को दिनांक 7 सितंबर, 2022 को अनुमोदन दिया गया था और उत्तराखंड राज्य के लिए स्कूलों का चयन वित्त वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में किया गया था। पीएम श्री योजना के तहत, उत्तराखंड राज्य से कुल 241 पीएम श्री स्कूलों का चयन किया गया है। उत्तराखंड राज्य में चयनित पीएम श्री स्कूलों का चरण-वार विवरण इस प्रकार है:

विभिन्न चरणों में चयनित पीएम श्री स्कूल	**कुल पीएम श्री स्कूल**
पहला	141
दूसरा	84
पांचवां	1
सातवां	15
कुल	**241**

(ख): वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान पीएम श्री योजना के तहत उत्तराखंड राज्य को आवंटित की गई निधियों का विवरण इस प्रकार है:

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	**स्वीकृत पीएबी परिव्यय**	**स्वीकृत पीएबी परिव्यय का केंद्रीय भाग**

2023-24	72.91	65.62
2024-25	130.10	117.09
2025-26	149.07	134.16

नोट- परिव्यय निधि में प्रतिबद्ध देयता शामिल है।

(ग): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में एक विषय है। पीएम श्री योजना के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्कूल स्तर पर कमी की पहचान करके प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत घटक-वार प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से वित्तीय और कार्यक्रम संबंधी मानदंडों और उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा स्वीकृत किया जाता है। उत्तराखंड राज्य में आईसीटी प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं, जीव विज्ञान प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, भौतिकी प्रयोगशाला, व्यावसायिक शिक्षा, एलईडी लाइटिंग, खाद बनाने की सुविधाओं आदि से संबंधित परियोजनाओं को पीएबी द्वारा स्वीकृति दी गई है।

*****